an>

Title: Re. Request to Launch a project 'Namami Chipra' to clean Chipra River.

श्री अनिल फिरोजिया (उज्जैन): सभापति महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । मैं अपने क्षेत्र उज्जैन, बाबा महाकाल की नगरी की एक महत्वपूर्ण और जटिल समस्या से आपको अवगत कराना चाहता हूं । हमारे यहां मोक्षदायिनी क्षिप्रा मैया है, जो दिन-प्रतिदिन प्रदूषित हो रही है । मां गंगा मैया जैसी मोक्षदायिनी क्षिप्रा मैया को भी पुराणों में अति महत्वपूर्ण नदी माना गया है । उज्जैन नगरी में सिंहस्थ 12 साल में होता है और वर्ष भर पर्व, स्नान होते हैं । देश ही नहीं, अपितु विश्व से लोग वहां स्नान करने आते हैं । जो खान नदी है, वह त्रिवेणी संगम में क्षिप्रा में विलीन होती है । इंदौर की फैक्ट्रीज़ का, इंदौर नगर का गंदा पानी मां क्षिप्रा में सम्मिलित होता है, जिसके कारण दर्शनार्थी, तीर्थयात्री न तो आचमन कर सकते हैं और न ही उसमें स्नान कर पा रहे हैं ।

मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं कि जैसे नमामि गंगे प्रोजेक्ट है, वैसे ही नमामि क्षिप्रे प्रोजेक्ट अगर होता है तो हमारी क्षिप्रा स्वच्छ होगी और तीर्थयात्रियों व दर्शनार्थियों को उसमें स्नान करने का और पुण्य प्राप्त करने का अवसर मिलेगा । आपने मेरी बात को सुना, बहुत-बहुत धन्यवाद ।